**अपराध** — शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में चोरी की वारदात पुलिस के लिए चुनौती

# जिले में चोरों का आतंक, लगातार हो रही वारदातें

**नवभारत, कटनी।** जिले में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, बढ़ती हुई चोरी की वारदातों से ऐसा लग रहा है कि पुलिस की बजाय जिले में चोरों की गश्त अधिक मजबूत हैं, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम देकर चोर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं, चोरी की इन वारदातों में आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर पुलिस के पास चोरों का सुराग तक नहीं है।

बड़वारा थाना क्षेत्र के सकरगढ़ में रिटायर्ड शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद तिवारी के घर में चार अगस्त को चोरों ने परिवार के सदस्यों की नींद का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को



अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखी भारी-भरकम अलमारी को उठाकर घर के बाहर ले गए और फिर उसमें रखे एक सोने का रानी हार, दो सोने के कंगन, दो सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, एक चांदी की पायल, एक चांदी की प्लेट, एक चांदी का नारियल, एक चांदी की सुपाड़ी, चांदी का भगवान का छत्र, 80 हजार रूपए नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने चोरी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन चोरों के संबंध में कोई सुराग पुलिस के पास से नहीं है।

### नहीं मिल रहा सुराग

चोर एक ओर जहां चोरी की वारदात को अंजाम दे रहें हैं तो वहीं पुलिस कार्रवाई एफआईआर दर्ज करने की औपचारिकता तक ही सीमित है, चोरी करने वाले आरोपियों का सुराग पुलिस को नहीं मिल रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के दौलती देवी धर्मशाला के पास ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े ट्रक से 21 जून की रात पन्ना जिले के अमानगंज निवासी शिवपाल सिंह के चार लाख 36 हजार रूपए चोरी कर लिए गए थे, इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस कार्रवाई एफआईआर दर्ज करने तक ही सीमित है, हालांकि पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है, लेकिन आरोपियों को अब तक नहीं पकड़ा जा सका है। वहीं कुठला थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के मामले में भी पुलिस के हाथ खाली है।

कुठला थाना क्षेत्र के कैलवारा कला गांव निवासी उर्मिला देवी पटैल के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों अलमारी में रखे करीब 15 लाख रूपए के सोने चांदी के जेवर पार कर दिए थे, इस मामले में भी पुलिस के पास चोरों के संबंध में सुराग नहीं हैं।

# देवरी हटाई में उल्टी-दस्त का प्रकोप, 70 ग्रामीण बीमार

▶ स्वास्थ्य विभाग अस्थाई शिविर लगाकर कर रहा ग्रामीणों की जांच



**नवभारत, कटनी।** जिले के देवरी हटाई गांव में दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त का प्रकोप फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तीन लोगों की मौत हो गई है, आशंका है तीनों मौते उल्टी दस्त के कारण ही हुई है। साथ ही गांव लगभग 70 लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित भी है। जिनमें से 25 से अधिक पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। उल्टी-दस्त फैलने की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में चिकित्सा शिविर लगाकर इलाज शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से उल्टी-दस्त के मरीज सामने आ रहे थे। अचानक संख्या बढ़ने से गांव में हड़कंप मच गया। जांच में सामने आया कि गांव की नलजल योजना की पाइपलाइन कई जगह से लीकेज हो गई थी। इससे गंदा पानी टंकी में मिलकर लोगों तक पहुंच रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान गांव के तीन बुजुर्गों की मौत भी हुई है। मृतकों में रामकृपाल यादव (75), काशी प्रसाद कुशवाहा (65) और प्रकाश सिंह (65) शामिल हैं। हालांकि प्रशासन ने इन मौतों को अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा बताया। पीएचई विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी के सैंपल लिए हैं। इसके बाद तत्काल पानी की सप्लाई बंद करवा दी गई है। पेयजल टंकी को पूरी तरह खाली करवा दिया गया है। फिलहाल ग्रामीणों को सिर्फ हैंडपंप का पानी पीने की सलाह दी गई है। जिला अस्पताल के सीएम एचओ डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज की वजह से दूषित पानी लोगों तक पहुंचा, जिससे उल्टी-दस्त की समस्या फैली। अब तक 50 से ज्यादा ग्रामीणों का इलाज किया गया है।

## एक नजर में

### सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा में भाई-बहन की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजय कुमार पिता शिवकुमार 17, उर्मिला कोल पिता शिवकुमार कोल 22 को घर मे सोते समय जहरीले सर्प ने काट लिया था। जब परिजनों को इस बात की जानकारी दोनों ने दी तब परिजन उन्हें पहले झाड़फूंक के लिए स्लीमनाबाद के कुआं गांव में झाड़फूक कराने ले गए। जिसमें समय अधिक लगा। जब यहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तब उन्हें स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र परिजन लेकर पहुंचे, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दोनो की मौत हो गई।

### बाघ के हमले से युवक की मौत

**नवभारत, कटनी।** बरही वन परिक्षेत्र के बिचपुरा बीट में बकरी चराने गए एक 22 वर्षीय युवक की पर बाघ ने हमला कर दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिचपुरा गांव के रहने वाला धर्मेंद्र सिंह दोपहर लगभग करीब तीन बजे मवेशियों को जंगल में चराने ले गया था। इस दौरान एक बाघर ने उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से गंभीर रूप से जख्मी हुए धर्मेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद गांव के लोग जंगल की ओर से गुजरे तो उन्होने धर्मेन्द्र को खून से लथपथ हालत में देखा। उन्होने कुछ दूर पर एक मवेशी को भी मृत देखा। सूचना पर वन विभाग के रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए घर-घर दी जा रही दस्तक

▶ स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा ली जा रही टीकाकरण, पोषण की जानकारी



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी तहसील क्षेत्र में दस्तक अभियान की शुरुआत कर दी गई है। अभियान की शुरूआत के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी इस अभियान को सफल बनाने में लग गए हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि उनका लक्ष्य है कि एक भी बच्चा इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित नहीं रह जाए। रीठी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उप-स्वास्थ्य केंद्र गुरजी कला, बकलेहटा, रूड़मुड़, हरद्वारा, वसुधा, देवगांव, देवरी, उमरिया मझगवा, अमगवा में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि हमारा संकल्प है कि हम घर-घर पहुंचकर हर बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा टीकाकरण, पोषण जांच और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से अछूता नहीं रहे। अभियान के तहत बच्चों के पोषण स्तर की जांच टीकाकरण की स्थिति, बीमारियों के लक्षणों की पहचान और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की भी समुचित जांच की जा रही है। मैदानी कर्मचारियों ने न सिर्फ शहरी क्षेत्रों में, बल्कि दुर्गम ग्रामीण अंचलों तक पहुंचकर दस्तक दी है। समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए घर-घर जाकर जानकारी दी जा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और एएनएम की संयुक्त टीमों ने समयबद्ध रूप से क्षेत्र का सर्वे करना शुरू कर दिया है। इस पूरे अभियान को लेकर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है और नियमित रूप से निरीक्षण कर रहा है, ताकि अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से हो सके।

# पूरे जिले में उत्सव की तरह मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

▶ भाजपा के 26 मंडलों में आयोजित की गई तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक



**नवभारत, कटनी।** 10 से 14 अगस्त तक भाजपा के प्रत्येक मंडल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला भाजपा के सभी 26 मंडलों में बैठकों का आयोजन किया गया। मुड़वारा विधानसभा के माधवनगर मंडल, दीनदयाल उपाध्याय, मुड़वारा मंडल की बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 10 अगस्त से किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा अभियान को एक उत्सव की तरह मनाने के लिए कहा। जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भाजपा के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति संकल्प लें। आयोजित मंडल बैठकों में मंडलो के प्रभारी, मंडल अध्यक्षो ने बैठकों को संबोधित किया जिसमें बड़वारा मंडल में मंडल प्रभारी रवि खरे, पान उमरिया में सुरेश राय, सिलौड़ी में जितेंद्र अरोरा, ढीमरखेड़ा में राजा चौरसिया, विलायतकला में विजय दुबे, देवरीहटाई में सुनील उपाध्याय, बरही में सुरेश सोनी, कैमोर में मृदुल द्विवेदी, विजयराघवगढ़ में शांति यादव, सिंनगौड़ी में सतीश तिवारी, खितौली में डारेश्वर पाठक, कटनी ग्रामीण में रणवीर कर्ण, निवार में रामू साहू, बहोरीबंद में राजेश चौधरी, बिलहरी में चेतन हिंदुजा, बाकल में पीयूष अग्रवाल, और कुआं मंडल में कौशल दुबे ने बैठक ली।

# सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला युवक गिरफ्तार

▶ झिंझरी चौकी पुलिस ने किया चोरी की वारदात का खुलासा



**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाने की झिंझरी पुलिस चौकी अंतर्गत हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने गुरूवार को खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त 2025 मझौली टोला गांव निवासी विसरती बाई ने झिंझरी पुलिस चौकी आकर बताया कि चार अगस्त को वहं अपनी लड़की के यहां गई थी, वापस आने पर उसके घर का ताला टूटा था, घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, पांच लॉकेट वाला मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी का हाथ का कड़ा चोरी कर लिया गया।

चोरी की कीमत करीब 80 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के ही बिट्टू उर्फ सौम्य पिता गणेश वर्मन को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में संदेही सौम्य बर्मन ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामर कर लिए हैं।

चोरी के आरोप में आरोपी को गरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में झिंझरी चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत , प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, राजेश चौधरी, आरक्षक अजय सिंह, सुरेश कोरी की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया, माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में की गई।

# अधिकारियों ने अनुमान के आधार पर बनाया प्रतिवेदन

▶ फर्म में लगे आरोपों का विधायक संजय पाठक ने दिया जवाब

**नवभारत कटनी।** विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक से जुड़ी फर्मों से 443 करोड़ की वसूली को लेकर विधानसभा में शासन ने कांग्रेस विधायक के सवाल पर जवाब दिया। इस मामले पर विधायक संजय पाठक ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अफसरों ने अनुमान के आधार पर प्रतिवेदन बनाया है।

जब कंपनी के दस्तावेज देखें जाएंगे तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी जो प्रतिवेदन प्रस्तुत हुआ है। अधिकारियों ने जो प्रतिवेदन बनाया है वो 90 साल पुरानी 1936 की खदान है। हमारा परिवार 1910 से माइनिंग में आया है, अभी जो मामला बनाया है वो ओवर प्रोडक्शन का केस बनाया है। इन्होंने विक्रय के आधार पर केस बना दिया है।

जो बिक्री हुई और जो प्रोडक्शन हुआ उसमें जो अंतर है उसके आधार पर केस बनाया है। जब कंपनियों की ओर से जवाब दिया जाएगा तो बात साफ हो जाएगी। अन्य व्यवसाय को मिलाकर मेरा परिवार 125 साल से व्यवसाय के क्षेत्र में है। करीब 110-115 सालों से परिवार माइनिंग के क्षेत्र में है।

आज तक कोई कर चोरी, अवैध खनन, रॉयल्टी चोरी या अनियमितता की शिकायतें नहीं हुई। प्रदेश में व्याप्त चर्चाओं और विशेषज्ञों के अनुसार खनन कारोबार में अनियमितताएं आम बात है। शिकंजा उसी पर कसता है जिससे सरकारें नाराज होती हैं, जैसे मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में स्लीमनाबाद की एक खादान के रातों रात सीमांकन और मैपिंग में उस समय 27 करोड़ रॉयल्टी चोरी का मामला बनाया गया था, जिसकी शिकायत स्लीमनाबाद थाने में भी दर्ज करवाई गई थी, राजस्थान से आकर माइनिंग करने वाले एक अग्रवाल बन्धु जिनका प्रदेश में मेडिकल कॉलेज भी चलता है।

ये बात अलग है कि उक्त रॉयल्टी आज तक जमा नहीं हुई, न्यायालय कलेक्टर के यहां आज भी केस चल रहा है, जिसमें जबलपुर से एक बड़े वकील पेशी में आते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए पौधों की करें सुरक्षा

▶ एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत किया गया पौधा रोपण




**नवभारत, बाकल।** जिले के ग्राम टिकरिया स्थित शासकीय विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, ग्राम पंचायत भेड़ा और विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कराया गया। इस दौरान 20 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने सभी ग्रामीणों और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने आगामी हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन पर भी चर्चा करते हुए जनभागीदारी का आह्वान किया। पौधारोपण के इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण तक सीमित नहीं होकर, पर्यावरण के संरक्षण में जनसहभागिता को बढ़ावा देना भी रहा। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सुरेश कुमार कोल, पंचायत सचिव पुष्पराज हल्दकार, नवांकुर संस्था बड़खेरा से सरजू श्रीवास, प्रभारी प्राचार्य कमला प्रसाद रैदास, शिक्षक संजय कुमार पटेल, प्रस्फुटन समिति से मुकेश कुमार यादव, ललित कुमार यादव मेट, आकाश कोल, श्रीमती गीता कोल, जानिक कोल सहित अन्य की उपस्थित रही।

# भदौरा स्कूल को मिली अतिरिक्त कक्षों की सौगात

▶ बड़वारा विधायक की अनुशंसा का शिक्षा मंत्री को लिखा था पत्र

**नवभारत, उमरियापान।** बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के पहल पर शासकीय विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और अन्य कार्यों के लिए परिवहन और शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पत्र जारी करते हुए बड़वारा विधानसभा में बड़ी उपलब्धि देते हुए 42 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। जिसमें भदौरा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष और प्रयोग शाला, सिविल कार्य, कूलर, ग्रीन बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा, छात्रों की शिक्षा के लिए कमरे, फर्नीचर, इंटरैक्टिव पैनल के साथ-साथ अतिरिक्त कक्ष में लैब प्रयोग शाला का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में सुविधाएं बढ़ने से छात्रों को अध्ययन में सुविधा होगी।



## दो नगर परिषदों में अध्यक्ष पद चनुाव आज

**नवभारत कटनी।** कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में इस्तीफे के बाद रिक्त हुए अध्यक्ष पदों के निर्वाचन आज शुक्रवार 8 अगस्त को किया जाएगा। निर्वाचन इन नगर परिषदों के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नगर परिषद कैमोर में निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई को बनाया गया है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के लिए पीठासीन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर संस्कृति मुदित लटोरिया होंगी।

# छात्रों ने निकाली रैली, हर घर तिरंगा फहराने लिया संकल्प



**नवभारत, बाकल।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संस्कार माउंट पब्लिक स्कूल में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली और देशभक्ति के नारे लगाए। रैली में संदेश दिया कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारे आत्मगौरव, आज़ादी और देशभक्ति की भी पहचान है। स्कूल परिवार ने तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए छात्रों को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने भी यह संकल्प लिया कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति प्रेम, एकता और सम्मान की भावना को मजबूत करेंगे। स्कूल प्रबंधन ने इस पहल को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।

**कृषि** — जिले के किसानों के लिए आई 813 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

# दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड लगाकर खाद की उपलब्धता और बेचने का मूल्य भी लिखें



**नवभारत, कटनी।** जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इसके पहले बीते मंगलवार को भी 835 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संवाद और प्रयासों की वजह से जिले के लिए बुधवार को 813 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया को जिले में लाया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 183 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी और सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर ने अधिकारियों को दी है। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि वे खाद और बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111